देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 129 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
घुली–मिली पहचान



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 20 अगस्त 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 23.0°

38040.57

2 बाजवा की अरब यात्रा में विलन बने कुरैशी

7 फिर टीम इंडिया में लौटेंगे धोनीः अख्तर

# सीबीआई करेगी सुशांत केस की जांच

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, सच सामने आना जरूरी ताकि वह चैन की नींद सो सकें दिवंगत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत मामले में रिया चक्रवर्ती को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से सीबीआई को सहयोग करने और सभी संबंधित दस्तावेज मुहैया कराने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि आगे कोई भी एफआईआर इस मामले में दर्ज हुई तो सीबीआई उसे भी देखेगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार को एफआइआर दर्ज करने का अधिकार है। महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दे सकती है।

सुप्रीम कोर्ट अपने आदेश में कहा कि सुशांत सिंह राजपूत एक प्रतिभाशाली अभिनेता थे और उनकी पूरी क्षमता का एहसास होने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। कई लोग उत्सुकता से जांच के

■सुशांत टैलेंटेड ऐक्टर थे, सच सामने आना जरूरी

परिणाम का इंतजार कर रहे हैं ताकि अटकलों पर लगाम लगाई जा सके। 35 पन्नों के फैसले में कोर्ट ने बताया कि इस मामले की सच्चाई सामने आना क्यों जरूरी हैं। सुको ने कहा कि सच सामने आना जरूरी है ताकि सुशांत की आत्मा को भी शांति मिल सके।

**सुशांत परिवार के वकील ने क्या कहा?:** सुशांत सिंह के परिवार के वकील विकास सिंह ने कहा कि यह सुशांत सिंह राजपूत के परिवार की जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में सभी बिंदुओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि पटना में दर्ज एफआईआर सही थी। अब सीबीआई अपनी जांच शुरू करेगी और सुशांत के परिवार को उनकी मौत का सच पता चल सकेगा।

**फैसले पर रिया के वकील ने क्या कहा?:** रिया चक्रवर्ती के वकील सतीश मणेशिंदे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जांच करने और मुंबई पुलिस की रिपोर्ट देखने के बाद पाया कि यह वांछित न्याय होगा क्योंकि रिया ने खुद ब्ठप् जांच के लिए कहा था। रिया सीबीआई जांच में पेश होंगी और उसका सामना करेंगी जैसा उन्होंने पहले मुंबई पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय की जांच में किया था।

**आदेश की जांच करेंगेःमुंबई पुलिस** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने कहा कि हमें अब तक आदेश की कॉपी नहीं मिली है, एक बार हमें आदेश की कॉपी मिलेगी तो हम आदेश की जांच करके आगे की कार्रवाई पर फैसला लेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट में अपने वकीलों को जल्दी से जल्दी आदेश की कॉपी भेजने को कहा है।

**अन्याय के विरुद्ध न्याय की जीत-गुप्तेश्वर पांडेः** बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं ये अन्याय के विरुद्ध न्याय की जीत है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमाणित कर दिया कि हम लोगों ने जो स्टैंड लिया वो सही था।

### शिकायतकर्ता ने खोया इकलौता बेटा



सुको ने कहा साफ–सुथरी और निष्पक्ष जांच होना वक्त की मांग है। शिकायतकर्ता ने अपना इकलौता बेटा खोया है और जांच का जो भी नतीजा आएगा वही उनके लिए न्याय का पैमाना होगा। याची (रिया) के लिए भी यह न्याय होगा क्योंकि उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच से उन निर्दोष लोगों को भी न्याय मिलेगा जो कई कैंपेन के टारगेट बन रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि दिवंगत भी चैन की नींद सो सकेगा। सत्यमेव जयते।

### सीबीआई जांच की जरूरत नहीं थीः राउत

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि मुंबई पुलिस जांच के लिए पूरी तरह सक्षम थी, इसमें सीबीआई जांच की जरूरत नहीं थी। मगर बिहार चुनाव की वजह से मामले में राजनीति हो रही है। बिहार के डीजीपी इतना खुश हैं जो नाच–नाच कर सब जगह बता रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शोपियां में 1 आतंकी को सेना ने मुठभेड़ में किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। बारामूला जिले में लश्कर के आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के बाद अब सुरक्षाबलों ने जम्मू–कश्मीर के शोपियां में भी एक आतंकी को मार गिराया है। दक्षिण कश्मीर के जिले शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस ऑपरेशन में अब तक एक दहशतगर्द ढेर हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों को शोपियां के मोलू चित्रगाम इलाके में आतंकियों के एक दल के छिपे होने की सूचना मिली थी। जवानों को इस बात के इनपुट्स भी मिले थे कि ये दहशतगर्द यहां पर किसी हमले की साजिश रचने के लिए आए हैं।

### साद और जमात पर ईडी का शिकंजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तब्लीगी जमात केस में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को 20 जगहों पर छापेमारी की। ईडी की टीम बुधवार को दिल्ली में सात जगहों (जाकिर नगर भी), मुंबई में पांच जगहों, अंकेश्वर में एक जगह और कोच्चि में तीन जगहों पर छापेमारी की।

### भारी बारिश के बाद सड़के तालाब में तब्दील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में बुधवार सुबह से शुरू हुई बारिश लगातार जारी है, इस बीच साकेत स्थित एपीजे स्कूल की बाउंड्री गिर गई, जिसके मलबे में दबकर 10 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मकान का एक हिस्सा गिर गया, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, दिल्ली–एनसीआर में लगातार हो रही बारिश की वजह से कई इलाकों में सड़के तालाब में तब्दील हो गईं। बारिश के चलते सुबह दफ्तर जाने वाले लोगों की सड़क पर भीड़ जमा हो गई और कई इलाकों में जाम के हालात बने हुए हैं। दिल्ली के साथ नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के रास्ते में गाड़ियां रेंगती नजर आईं।

# नौकरी तलाश रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशबरी

## नैशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी के गठन को केंद्रीय कैबिनेट से मिली हरी झंडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नैशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी को हरी झंडी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने आज हुई केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नौकरी के लिए युवाओं को बहुत परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। 20 भर्ती एजेंसियां हैं, ऐसे में हर एजेंसी के लिए परीक्षा देने के लिए कई जगह जाना पड़ता है। उन्होंने कहा, अब नैशनल रिक्रूटमेंट एंजेसी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट लेगी। इससे करोड़ों युवाओं को लाभ मिलेगा।

**तीन एयरपोर्ट्स प्राइवेट कंपिनयों के हवालेः** देश में पीपीपी मोड पर प्राइवेट एयरपोर्ट्स बन गए हैं। फिलहाल छह हवाई अड्डों का संचालन, प्रबंधन और विकास का ठेका प्राइवेट कंपनियों को दिए जाने का फैसला किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इससे सरकार को तुरंत 1,070 करोड़ रुपये मिलेंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया इस पैसे का इस्तेमाल छोटे शहरों में हवाई अड्डों का विकास करेगी। उन्होंने बताया कि प्राइवेट कंपनियों के ये हवाई अड्डे 50 साल की लीज पर दिए जा रहे हैं। 50 साल बाद ये हवाई अड्डे दोबारा एएआई के पास आ जाएंगे।

**डिस्कॉम्स को राहतः** कोविड–19 महामारी के कारण पावर सेक्टर दिक्कत में है। ऐसे में राज्यों के डिस्कॉम्स को राहत देने के लिए पावर फाइनैंश कॉर्पोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन को लोन देने के अधिकार की सीमा बढ़ा दी गई है।

**एमएसएमई सेक्टर की लिक्विडिटी बढ़ाने पर बड़ा फैसलाः** अब सरकार ने सारे एनबीएफसी को इस व्यवस्था में शामिल होने की अनुमति दे दी है। इससे एमएसएमई को लिक्विडिटी बढ़ाने में ज्यादा आसानी होगी।

### गन्ना किसानों के लिए घोषणा

एक करोड़ गन्ना किसानों के लिए इस साल भी परंपरा के मुताबिक ही लाभकारी मूल्य बढ़ाकर दिया है। 285 रुपये प्रति क्विंटल तय हुआ है। यह दर 10 प्रतिशत की रिकवरी के आधार पर तय की गई है, लेकिन अगर 1ः रिकवरी बढ़ेगी यानी अगर 11 प्रतिशत रिकवरी हुई तो प्रति क्विंटल 28.50 रुपये ज्यादा मिलेंगे। वहीं, 9.5 प्रतिशत या उससे कम भी रिकवरी रहने पर भी गन्ना किसानों को संरक्षण देते हुए 270.75 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कीमत मिलेगी।

# समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए की नौसेना की सराहना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरान उन्होंने शीर्ष नौसेना कमांडरों को संबोधित किया। इस सम्मेलन के बाद उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। राजनाथ ने ट्वीट में लिखा– आज नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लिया। मैं राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा में उनकी भूमिका के लिए भारतीय नौसेना की सराहना करता हूं। उन्होंने लिखा कि मुझे अपने जहाजों और विमानों को तैनात करने में सक्रिय प्रतिक्रिया के माध्यम से किसी भी चुनौती को पूरा करने के लिए नौसेना की तैयारियों पर पूरा भरोसा है।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि भारतीय नौसेना ने संवेदनशील स्थानों पर नौसेना के जहाजों और विमानों को तैनात करके समुद्री हितों की रक्षा के लिए मिशन–आधारित तैनाती को प्रभावी ढंग से किया है। तैनाती ने समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाने में मदद की है, तेजी से मानवीय सहायता प्रदान की है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन तेजी से अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। नौसेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, उत्तरी सीमाओं पर हालिया घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि और कोरोना महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों के मद्देनजर इस सम्मेलन की काफी अहमियत है। सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) की स्थापना और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का पद आने के बाद नौसेना के कमांडरों का यह पहला सम्मेलन है।

### सम्मेलन

नौसेना कमांडर सम्मेलन में रक्षा मंत्री हुए शामिल




*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारत लद्दाख तक बनाने जा रहा नया रोड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुश्मनों की निगाह में आए बिना सैनिकों और भारी हथियारों को लद्दाख में पाकिस्तान और चीन की सीमा तक तेजी से मूवमेंट के लिए भारत एक रणनीतिक तौर पर बेहद अहम नई सड़क पर काम कर रहा है। मनाली से लेह तक बनने वाली इस नई सड़क से पहाड़ी राज्य लद्दाख तक तीसरा लिंक उपलब्ध हो जाएगा। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में तनाव के बीच भारत का यह कदम बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके साथ–साथ भारत पिछले 3 सालों से दौलत बेग ओल्डी समेत रणनीतिक तौर पर बहुत ही महत्वपूर्ण नॉर्थ सब सेक्टर और अन्य इलाकों में वैकल्पिक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है। उसके लिए सबसे ज्यादा ऊंचाई पर बनी दुनिया के पहले मोटरेबल रोड खारदुंग ला पास से काम पहले ही शुरू हो चुका है।

प्लैनेट लैब्स की इस सैटेलाइट तस्वीर में चीन ने हैनान द्वीप के यूलिन नेवल बेस पर बने एक सीक्रेट बंकर के दरवाजे पर चीन की टाइप 093 पनडुब्बी दिखाई दे रही है।

### दुश्मन की निगाह में आए बिना तेजी से हो सकेगी सैनिकों की मूवमेंट